## ब्रीफ खबरें

### अनुसचिवीय कर्मियों की हड़ताल आठवें दिन भी जारी

**मेदिनीनगर।** झारखंड राज्य अनुसचिवीय कर्मचारी (समाहरणालय संवर्ग) महासंघ के आह्वान पर 9 सूत्री मांगों को लेकर आंदोलनरत पलामू इकाई के सदस्य आठवें दिन भी हड़ताल पर रहे. महासंघ के पलामू इकाई सदस्यों ने समाहरणालय परिसर में अपनी मांगों को लेकर विरोध प्रदर्शन किया. विरोध प्रदर्शन कार्यक्रम की अध्यक्षता कार्यालय अधीक्षक पलामू श्री शकील ने किया. धरना में वक्ताओं ने अपनी मांगों के समर्थन में विचार रखे तथा मांगे पूरी होने तक हड़ताल जारी रखने का आह्वान किया.

### पुलिस ने मादक पदार्थ के साथ एक को दबोचा

**मेदिनीनगर।** शहर थाना प्रभारी सोनू चौधरी और टीओपी 2 प्रभारी अनिल सिंह के नेतृत्व में शहर थाना क्षेत्र के रेडमा से मादक पदार्थ हेरोइन के साथ एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया. इस संबंध में थाना प्रभारी सोनू चौधरी ने बताया कि वरीय पदाधिकारीयों के द्वारा गुप्त सूचना मिली थी कि एक व्यक्ति मादक पदार्थ हेरोइन का खरीद बिक्री कर रहा है. इसी सूचना के आधार पर पुलिस ने मादक पदार्थ की बिक्री करने वाले एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है .पुलिस गिरफ्तार व्यक्ति से पूछताछ कर रही है . मौके पर टाइगर मोबाइल का जवान हवलदार रमेश सिंह, सिविल दस्त के बृजेश सिंह सहित अन्य पुलिसकर्मी मौजूद थे.

### डीडीसी ने की मनरेगा कूप निर्माण कार्य की जांच

**नौडीहा प्रखंड(पलामू)।** नौडीहा प्रखंड के चराई टू पंचायत के मनदोहर में मनरेगा योजना के तहत सिंचाई कूप निर्माण कार्य जांच सोमवार को डीडीसी ने किया. जिसमें आवेदन कर्ता संतोष पाठक के लगाये गये आरोप सही पाया गया. मनरेगा योजना कि तहत मनदोहर में विकास पाठक के नाम से सिंचाई कूप निर्माण कार्य में गड़बड़ी कि शिकायत किया गया था. जिसमें बताया गया था कि बिना कूप निर्माण कार्य किया हुआ पैसा का निकासी मुखिया, रोजगार सेवक कर लिया गया था . रोकड पंजी जब जांच किया तो इसमें चौंकाने वाली बात सामने आई.

### सिमडेगा को हराकर एमके डीएवी विजेता बना

**मेदिनीनगर ।** डीएवी पब्लिक स्कूल सिमडेगा में चल रहे डीएवी नेशनल स्पोर्ट्स की संकुल स्तरीय प्रतियोगिता में 17 वर्ष आयु वर्ग की बास्केटबॉल प्रतियोगिता के बालक वर्ग में एमके डीएवी पब्लिक स्कूल डालटेनगंज की टीम ने डीएवी पब्लिक स्कूल सिमडेगा को 22-2 के अंतर से हराकर ट्राफी अपने नाम करते हुए टीम राज्य स्तर के लिए क्वालीफाई कर गई है . टीम में प्रभात दूबे (कैप्टन), इशांत कुमार पांडे, अभिनव तिवारी, जय मंजस लकड़ा, प्रेम कुमार मेहता, कार्तिक त्रिपाठी, अंकित राज, अभिनव कुमार, अतुल्य तिवारी एवं हर्षित तिवारी शामिल थे.

### वित्त रहित शिक्षक संयुक्त मोर्चा की बैठक संपन्न

**लातेहार।** झारखंड राज्य वित्त रहित शिक्षक संयुक्त संघर्ष मोर्चा की बैठक शहर के गांधी इंटर कॉलेज मे आयोजित की गयी. इसकी अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो दशरथ साहु ने किया. बैठक में मोरचा के पांच सूत्री मांगो को ले कर आगामी 31 जुलाई से आंदोलन करने का निर्णय लिया गया. राज्य के शिक्षा मंत्री सह लातेहार विधायक बैद्यनाथ राम के रांची स्थित आवास का घेराव किया जायेगा. सदस्य मंडल के अध्यक्ष अरविंद सिंह ने कहा कि शिक्षा मंत्री के आवास घेराव कार्यक्रम के बाद भी हमारी मांगे पूरी की गई तो 21 अगस्त को मुख्यमंत्री आवास का अनिश्चित कालीन घेराव किया जायेगा.

---

पं दीनदयाल नगर भवन को शादी विवाह समेत अन्य समारोह के लिए शुल्क निर्धारण पर चर्चा

# थाना चौक के पास सब्जी मार्केट सैरात की स्वीकृति मिली

**संवाददाता । लातेहार**

सोमवार को नगर प्रशासक राजीव रंजन की अध्यक्षता में नगर पंचायत बोर्ड की बैठक हुई . बैठक में विधायक प्रतिनिधि प्रभात कुमार व नगर पंचायत के सांसद प्रतिनिधि पंकज सिंह मुख्य रूप से मौजूद थे. बैठक में थाना चौक के पास सब्जी मार्केट सैरात की स्वीकृति दी गयी.

बता दें कि खुदरा और फुटकर सब्जी विक्रेता शहर के थाना चौक में कांजी हाउस की भूमि पर सब्जी लगा कर बेचते हैं. लेकिन उन्हें यहां किसी प्रकार की सुविधायें नहीं मिलती है. सैरात की स्वीकृति मिलने से सब्जी विक्रेताओं को काफी सहुलियत होगी. बैठक में स्टेशन रोड के औरंगा नदी किनारे अवस्थित पंडित दीन दयाल नगर भवन को शादी विवाह समेत अन्य समारोह के लिए देने के लिए शुल्क निर्धारण को ले कर चर्चा की गई. इसके अलावा डीएमएफटी की राशि से डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण करने के लिए ऑटो रिक्सा क्रय करने का निर्णय लिया गया. नगर पंचायत के सांसद प्रतिनिधि पंकज सिंह ने नगर पंचायत में अत्यधिक होल्डिंग टैक्स पर नगर पंचायत के पूर्व की बैठक में लिए गए निर्णय के आलोक में उपायुक्त के माध्यम से झारखंड सरकार से न्यूनतम दर निर्धारण करने के लिए पत्राचार करने की बात कही. लातेहार शहरी क्षेत्र में प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के तहत ऑनलाइन प्राप्त आवेदन की जानकारी ली गयी. शहरी क्षेत्र के शवदाह गृह की नियमित सफाई करवाने का आग्रह किया गया. बैठक में कहा गया कि शहरी क्षेत्रो में प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ आवास विहीन लोगों को दिया जाय जो इसके हकदार हैं और समय पर आवास का निर्माण कार्य पूरा कराया जाये. बैठक में नगर प्रबंधक जया लक्ष्मी भगत, राजकुमार वर्मा, डा आंनद किशोर दांगी, कनीय अभियंता संदीप कुमार व संदीप बेदिया व संतोष सिंह समेत कई अधिकारी उपस्थित थे.


नगर पंचायत बोर्ड की एक बैठक करते नगर प्रशासक.

**खास बातें**
- नगर पंचायत बोर्ड की बैठक में प्रस्ताव पारित
- सब्जी विक्रेताओं को काफी सहुलियत होगी

---

डीसी ने की वन अधिकार समिति के पदाधिकारियों के साथ बैठक

# व्यक्तिगत वन पट्टा व सामुदायिक वन पट्टा के लिए आमसभा करें : डीसी

**संवाददाता । गढ़वा**

डीसी शेखर जमुआर की अध्यक्षता में समाहरणालय के सभाकक्ष में वन अधिकार अधिनियम 2006 के (फॉरेस्ट राइट एक्ट) के तहत सरकार द्वारा चलाए जा रहे अबुआ बीर, अबुआ दिशोम अभियान की जिला स्तरीय वन अधिकार समिति के पदाधिकारियों एवं सदस्यों के साथ समीक्षात्मक बैठक की गई. बैठक के दौरान वन अधिकार अधिनियम के तहत ग्रामसभा स्तर से प्राप्त योग्य व्यक्तिगत एवं सामुदायिक दावा,अभिलेख को अनुमंडल स्तरीय वन अधिकार समिति से पारित करते हुए प्रतिवेदन के साथ अनुमंडल पदाधिकारियों एवं जिला कल्याण पदाधिकारी ने भाग लिया एवं अब तक किए गए कार्यों के अद्यतन प्रतिवेदन से डीसी को अवगत कराया. बैठक में व्यक्तिगत वन पट्टा एवं सामुदायिक वन पट्टा के लिए आमसभा के तहत सीएफआर में आने वाली विभिन्न समस्याओं की भी समीक्षा की गई. डीसी ने विचार विमर्श कर आवश्यक दिशा निर्देश भी दिया. साथ ही सभी संबंधित पदाधिकारियों से सरकार द्वारा चलाई जाने वाली इस महत्वपूर्ण योजना को सक्रियता के साथ कार्य में तेजी लाते हुए पूर्ण करने का निर्देश दिया.


बैठक में निर्देश देते डीसी.

बताते चलें कि पूर्व में अबुआ बीर अबुआ दिशोम अभियान के तहत जिला स्तर पर एक कार्यशाला आयोजित कर संबंधित पदाधिकारियों को अनुसूचित जनजातियों एवं अन्य परंपरागत वन निवासियों को सामुदायिक वन पट्टा, अधिकारों और वन संसाधनों पर अधिकारों से संबंधित प्रशिक्षण दिया गया था. इस हेतु जिसे फॉरेस्ट राइट एक्ट के तहत भूमि पट्टा दिया जाना है, इसके लिए ग्राम स्तर पर ग्रामसभा का आयोजन किया जाता है. इस हेतु एफआरसी का गठन किया जा चुका है. बैठक में मुख्य रूप से उत्तरी एवं दक्षिणी वन प्रमंडल पदाधिकारी, गढ़वा, रंका एवं श्री बंशीधर नगर एसडीओ, जिला कल्याण पदाधिकारी आदि उपस्थित थे.

### अबुआ आवास को लेकर ग्राम सभा का आयोजन

**नौडीहा प्रखंड(पलामू)।** नौडीहा प्रखंडके खैर दोहर पंचायत सचिवालय में आज अबुआ आवास को लेकर ग्राम सभा के आयोजन किया गया. जिसकी अध्यक्षता मुखिया पातो देवी ने किया . ग्राम सभा में नौडीहा प्रखंड के बीडीओ शुभम बेला टोपनो मौजूद थीं . उन्होंने कहा कि अबुआ आवास योजना में वैसे लोगों को दिया जाना है जो आवास विहीन है. वैसे परिवारों को अबुआ आवास योजना का लाभ दिया जाएगा .इस मौके पर पंचायत प्रतिनिधि सुदामा राम, बीपीओ नीतीश खत्री मौजूद थे.

### उपायुक्त ने किया जागरूकता रथ रवाना

**मेदिनीनगर।** डायन कुप्रथा को पलामू जिले से पूर्ण रूप से समाप्त करने के उद्देश्य से सोमवार को उपायुक्त शशि रंजन, उप विकास आयुक्त शब्बीर अहमद, उप निर्वाचन पदाधिकारी कानूराम नाग, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी नीता चौहान ने संयुक्त रूप से हरी झंडी दिखाकर दो जागरूकता रथ को रवाना किया. इस जागरुकता रथ के माध्यम से डायन कुप्रथा उन्मूलन के लिए लोगों को जागरूक किया जायेगा. मौके पर डीसी शशि रंजन ने कहा कि डायन प्रथा एक अंधविश्वास है और इसे जड़ से खत्म करने की आवश्यकता है. उन्होंने कहा कि शिक्षा व जागरूकता के अभाव में लोग इस अंधविश्वास की ओर चले जाते हैं इसी के उदेश्य से यह जागरूकता रथ को रवाना किया जा रहा है. उन्होंने कहा कि जिले के सुदूरवर्ती क्षेत्रों में रथ के माध्यम से लोगों को डायन अधिनियम की जानकारी देकर डायन कुप्रथा के प्रति लोगों को जागरूक करने का कार्य किया जायेगा.उन्होंने आम लोगों से कुप्रथा को समाप्त करने में जिला प्रशासन का साथ देने की अपील की.

### पीटीआर के वन श्रमिकों के बीच साइकिल का वितरण

**गारू(लातेहार)।** पलामु टाइगर रिज़र्व एरिया साउथ डिवीज़न के गारू पूर्वी, गारू पश्चिमी,बारेसांढ़ और महुआडांड़ में कार्यरत 95 दैनिक मानदेय भोगी वन श्रमिकों के बीच साइकिल का वितरण किया. गारू पूर्वी रेंजर उमेश कुमार दुबे ने बताया की वन श्रमिकों को वन भ्रमण में पैदल घूमना काफी कठिनाइयों से भरा रहता था. साइकिल की मदद से जंगल में ज्यादा से ज्यादा दूरी तक भ्रमण कर निगरानी किया जायेगा. वहीं वन श्रमिक को विभाग से अंतराष्ट्रीय बाघ दिवस पर मिली इस भेंट से जिम्मेदारी याद दिलाएगा. बाघ दिवस के अवसर पर गारू की विद्यार्थियों द्वारा मार्च निकाला गया. विद्यार्थियों नें बाघ है तो जंगल है, जंगल है तो हम है जैसे नारे लगाए. मौके पर वनपाल परमजीत तिवारी, रंजय कुमार, विवेक विशाल, वनरक्षी चन्दन पाण्डेय, शीशांत, विशाल कुमार सिंह ,भरत मिश्रा, विपिन कुमार समेत काफी संख्या में वन कर्मी उपस्थित थे.

- बाघ दिवस पर मार्च किया गया

### बाइक दुर्घटनाग्रस्त तीन घायल

**मेदिनीनगर।** पड़वा थानाक्षेत्र के सरैया गांव के प्रीति कुमारी, श्वेता सिंह और अक्षय कुमार सड़क दुर्घटना में घायल . तीनों एक बाइक पर सवार होकर पाटन बाजार जा रहे थे कि रास्ते में ही वे दुर्घटनाग्रस्त हो गये . तीनों को इलाज के लिए एमएमसीएच भेजा गया है .

---

# विस में फिर उठाया पांकी को अनुमंडल बनाने का मामला

**पांकी विधायक**

**संवाददाता । मेदिनीनगर**

पांकी विधायक डॉक्टर कुशवाहा शशि भूषण मेहता ने सोमवार को एक बार फिर से पांकी को अनुमंडल बनने का मामला उठाया. डॉक्टर मेहता ने कहा कि क्या यह बात सही है कि मुख्य सचिव की अध्यक्षता में प्रशासनिक इकाइयों के सृजन पर विचार के लिए गठित उच्चस्तरीय समिति की बैठक वर्ष 2019 से आज तक नहीं हो पाई है. उन्होंने कहा कि पलामू जिला अन्तर्गत पाँकी, मनातू व तरहसी प्रखंड को मिलाकर पांकी को अनुमंडल बनाने हेतु आयुक्त पलामू व उपायुक्त पलामू की अनुशंसा जनवरी 2019 में ही प्राप्त है. सरकार कब तक पांकी को अनुमंडल का दर्जा देने का विचार रखती है. उनके सवाल पर सरकार की ओर से कहा गया कि अनुमंडल सृजन के लिए संबंधित जिला के उपायुक्त के अनुशंसित प्रस्ताव पर प्रमंडलीय आयुक्त की अनुशंसा सहित प्रस्ताव प्राप्त होने के बाद इसे प्रशासनिक इकाईयों के सृजन हेतु गठित उच्चस्तरीय समिति के विचारार्थ प्रस्तुत किया जाता है. उक्त समिति की अनुशंसा के आलोक में नये अनुमंडल सृजन के बिन्दु पर समीक्षोपरांत सरकार द्वारा निर्णय लिया जाता है. पांकी को अनुमंडल का दर्जा देने संबंधी प्रस्ताव पर मुख्य सचिव की अध्यक्षता में प्रशासनिक इकाईयों के सृजन पर विचार करने के लिए गठित उच्चस्तरीय समिति की बैठक की अनुशंसा प्राप्त होने के पश्चात् ''पांकी'' को अनुमंडल का दर्जा देने पर सरकार द्वारा निर्णय लिया जा सकेगा.



# डालटनगंज से सौतेला व्यवहार बंद करे हेमंत सरकार : आलोक चौरसिया

**डालटनगंज विधायक**

**संवाददाता । मेदिनीनगर**

डाल्टनगंज विधायक आलोक चौरसिया ने चैनपुर थाना रोड के पुनर्निर्माण को लेकर हेमंत सोरेन सरकार के खिलाफ उग्र आंदोलन की चेतावनी दी है. विधायक श्री चौरसिया ने कहा कि यह सड़क झारखंड और छत्तीसगढ़ को जोड़नेवाला एक महत्वपूर्ण मार्ग है, जिसकी दुर्दशा किसी से छिपी नहीं है. अप्रैल महीने में ही चैनपुर थाना रोड के पुनर्निर्माण का प्रस्ताव विभाग के माध्यम से कैबिनेट को भेजा था. इसके बावजूद, कैबिनेट ने अब तक इस प्रस्ताव को स्वीकृति नहीं दी है. सड़क की स्थिति इतनी खराब है कि इसे केवल मरम्मत करने से कोई लाभ नहीं होगा. इसके पुनर्निर्माण की आवश्यकता है. उन्होंने इस महत्वपूर्ण मुद्दे को उठाते हुए सरकार पर दोहरी नीति अपनाने का आरोप लगाते हुए कहा कि सरकार का यह रवैया उनके विधानसभा क्षेत्र के प्रति अन्यायपूर्ण है. स्थानीय जनता, जिनकी समस्याओं को विधायक ने हमेशा प्राथमिकता दी है, अब उनके साथ इस संघर्ष में खड़ी है. उन्होंने कहा कि यदि एक सप्ताह के भीतर कैबिनेट इस सड़क के पुनर्निर्माण के प्रस्ताव को स्वीकृति नहीं देती है.तो वे उग्र आंदोलन करेंगे.



# राजद नेता डॉ अरुण कर रहे गांवों का दौरा

**पांकी (पलामू)।** पांकी विधानसभा में आगामी 2024 विधानसभा चुनाव के मद्देनज़र राष्ट्रीय जनता दल के डॉ. अरुण कुमार ने राजद को मज़बूत करने के लिए अपना चुनावी अभियान काफ़ी तेज कर दिया है . डॉ. अरुण एक दिन में विभिन्न प्रखंडों, पंचायत और गावों में 5-6 सभा आयोजित कर लोगों को अपने रोजी रोजगार और हक़ अधिकार के लिए लगातार जागरूक करने का काम कर रहे. ये विभिन्न कार्यक्रम का आयोजन कर जनता के बीच अपनी बातें रखने का काम करते हुए कहते है की जनता अगर उनको इस बार जीता कर विधानसभा भेजती है तो बदहाली से विकास तक पहुँचाने का काम करेंगे . डॉ. अरुण विभिन्न कार्यक्रम और सभाओं करने के दौरान गरीब असहाय लोगो के बीमारियों का मुफ्त जांच और दवाई देने का भी काम करते है. डॉ. अरुण ने लेस्लीगंज और सतबरवा प्रखंड के लोटवा, चांपी, चपरना, घुटवा, पिंडरा, सेरंगदाग का दौरा और सभा किया .

---

## न्यूज अपडेट

### अबुआ आवास चयन को लेकर बारी में ग्राम सभा


ग्रामसभा में शामिल ग्रामीण व अन्य.

**सतबरवा (पलामू)।** बारी पंचायत सचिवालय में मुखिया निरोतमा कुमारी की अध्यक्षता में अत्यंत गरीब, असहाय, आवास विहिन लोगों को अबुआ आवास में पहले प्राथमिकता के आधार पर चयन के लिए सोमवार को ग्राम सभा की गई,जिसका संचालन पंचायत सेवक पुष्पा देवी ने की. मुखिया निरोतमा कुमारी ने बताया कि अबुआ आवास योजना वित्तीय वर्ष 2024 - 2025 हेतु पंचायत वार एवं कोटिवार भौतिक लक्ष्य उपावंटित करने के संबंध में एसी एसटी 37, ओबीसी 71, अल्पसंख्यक 16, जेनरल 13 सब मिलाकर टोटल 137 आवास का लिस्ट बनाया गया है. इसका लाभ सबसे पहले उस लाभुक को मिलेगा जो अत्यंत गरीब हो. पंचायत के सभी लोगों को आवास मुहैया कराया जाएगा. हमारे पंचायत बारी में लगभग 450 लाभार्थी का नाम है.

### चित्रकला में पुरस्कार के लिए के 21 विद्यार्थी चयनित

**मेदिनीनगर।** सदर मेदिनीनगर प्रखंड अंतर्गत रजवाडीह मध्य विद्यालय में स्कूल रूआर-2024 के तहत चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया. इसमें कुल 74 बच्चों ने भाग लिया. बेहतर प्रदर्शन के आधार पर कक्षा-6 से कक्षा-8 तक के 21 बच्चों को पुरस्कृत करने हेतु चयन किया गया. इनमें अर्पणा, निकिता, पिहु, सत्यम, रौनक, शिवानी, करन, छाया, लक्ष्मी, प्राची, कुंदन, धीरज, शिवम, विशाल, अंजलि, सूरज, निशा, रिया, संजना, अंजलि व मनीषा शामिल हैं. प्रधानाध्यापक परशुराम तिवारी ने कहा कि बच्चों में हर तरह की प्रतिभा विद्यमान होती हैं. उन्होंने उचित अवसर देने एवं संवारने की आवश्यकता है. वस्तुतः चित्रकला से संदेशों का सहज सहज सम्प्रेषण होता है.

### हुसैनाबाद के पूर्व विधायक के विरोध का आह्वान

**मेदिनीनगर।** अखिल झारखंड चन्द्रवंशी क्षत्रिय महासभा के केन्द्रीय अध्यक्ष रंजन कुमार सिंह ने हुसैनाबाद के पूर्व विधायक सह आजसू पार्टी के केन्द्रीय उपाध्यक्ष कुशवाहा शिवपूजन मेहता के विरोध का आह्वान किया है. श्री सिंह ने कहा कि अपने को सामाजिक न्याय के पुरोधा कहनेवाले शिवपूजन मेहता का चन्द्रवंशी समाज जोरदार विरोध करे. उन्होंने कहा कि इनका न तो राजनीतिक प्रतिष्ठा है और न ही सामाजिक प्रतिष्ठा है. इन्होंने हमारे चन्द्रवंशी समाज के प्रतिष्ठित नेता व लगातार जन मुद्दों पर हस्तक्षेप करनेवाले आजसू पार्टी के केन्द्रीय सचिव व गढवा जिला प्रभारी सतीश कुमार के लिए पुर्व मे भी जाति सुचक शब्दों का इस्तेमाल किया था आज भी वैसी ही शब्दों का व्हाटस अप पर इस्तेमाल किया है.

### मेदिनीनगर के घरों में आपूर्ति हो रहा है गंदा पानी

**मेदिनीनगर।** मेदिनीनगर शहरवासियों के घरों में इन दिनों गंदा पानी की आपूर्ति की जा रही है. उसमें सामान नहीं मिलने के कारण हर घर में सप्लाई पानी गंदा जा रहा है. वहीं लोगों के घरों में लगे चापाकल में भूजल स्तर सामान्य नहीं होने के कारण लोग यही गंदा पानी पीने को विवश हैं. समाजसेवी सह पूर्व भाजपा जिला अध्यक्ष परशुराम ओझा ने बताया कि आज 10 दिन से फिटकरी नहीं रहने के कारण पानी सप्लाई में नहीं डाला जा रहा है. उन्होंने बताया कि नगर आयुक्त के द्वारा कोशिश जरूर की जा रही है के लोगों का घरों में साफ पानी की आपूर्ति हो लेकिन पीएचडी विभाग के कार्यपालक अभियंता पानी सप्लाई सही जाए इसे लेकर चिंतित नहीं दिख रहे हैं.

### सर्पदंश से आईआरबी जवान अचेत,अस्पताल में भर्ती

**मेदिनीनगर।** नौडीहा बाजार थाना अंतर्गत डगरा पिकेट पर पदस्थापित आईआरबी जवान को रविवार की रात जहरीला सांप ने डंस लिया. सर्पदंश के बाद उक्त जवान गंभीर रूप से जख्मी हो गया उसे इलाज के लिए पिकेट में तैनात अन्य पुलिसकर्मियों ने घायलावस्था में नौडीहा बाजार सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया. यहां चिकित्सकों ने प्रारंभिक इलाज के बाद गंभीर स्थिति को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया. फिलहाल घायल जवान का इलाज मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज अस्पताल में चल रहा है. इलाज के बाद जवान खतरे से बाहर है. वहीं घटना की जानकारी मिलने पर छतरपुर डीएसपी नौशाद आलम समेत अन्य पुलिस पदाधिकारी ने अस्पताल पहुंचकर घायल जवान से हाल-चाल लिया.

### संयुक्त किसान मोर्चा का विरोध प्रदर्शन आज

**मेदिनीनगर।** संयुक्त किसान मोर्चा के घटक संगठन राज्यव्यापी विरोध प्रदर्शन कार्यक्रम के तहत मंगलवार को केन्द्रीय बजट 2024 - 25 की प्रतियां जलाकर भाजपा नीत एनडीए सरकार की जनविरोधी एवं देशविरोधी नीतियों की भर्त्सना और विरोध प्रदर्शन करेंगे. घटक संगठनों में अखिल भारतीय क्रांतिकारी किसान सभा, झारखंड राज्य किसान सभा, क्रांतिकारी किसान मजदूर यूनियन, किसान सभा, अखिल भारतीय किसान मोर्चा एवं अखिल भारतीय क्रांतिकारी मजदूर किसान संघ शामिल हैं. संगठन दल के नेताओं ने कहा कि भाजपा नीत नरेंद्र मोदी की सरकार ने किसानों एवं मजदूरों के साथ एससी, एसटी, ओबीसी एवं आर्थिक रूप से कमजोर सभी वर्गों के लोगों के साथ धोखा किया है. यह विरोध प्रदर्शन इसी कड़ी में आयोजित किया गया है.

### दूसरी सोमवारी पर शिवालयों में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़


पूजा अर्चना करते लोग.

**डंडई।** सावन माह की दूसरी सोमवारी पर प्रखंड के विभिन्न मंदिरों और शिवालयों में जलाभिषेक के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी. प्रखंड के लवाही गांव स्थित बाबा मंगरदह महादेव मंदिर तथा तसरार पंचायत स्थित जोगिया पहाड़ी शिव मंदिर में सावन की दूसरी सोमवारी को जलाभिषेक के लिए श्रद्धालुओं की भारी भीड़ देखी गई. लवाही मंदिर में सावन की दूसरी सोमवारी को लगभग एक हजार कांवरिया व डाक बम ने छत्तीसगढ़ के बालचौरा से जल उठाकर बाबा मंगरदह महादेव मंदिर में जलाभिषेक किया. अहले सुबह 6 बजे मंदिर के पुजारी कैलाश पाठक व दीनदयाल पाठक द्वारा विधिवत पूजा अर्चना कर जलाभिषेक शुरू किया गया. इसके पश्चात कांवरिया व डाक बम सहित अन्य श्रद्धालु के द्वारा जलाभिषेक को लेकर शाम चार बजे तक मंदिर परिसर में तांता लगा रहा. वहीं कांवरिया व डाक बम के जयघोष से दिन भर मंदिर में गूंजता रहा.

---

**संवाद** प्रेमचंद जयंती पखवाड़ा के तहत गर प्रेमचंद होते...! विषय पर संवाद

# अगर आज प्रेमचंद होते, तो काल कोठरी में बंद होते

**संवाददाता । मेदिनीनगर**

इप्टा द्वारा संचालित प्रेमचंद जयंती पखवाड़ा के तहत संस्कृतिक पाठशाला की 49 वीं कड़ी में "ग़र प्रेमचंद होते" विषय पर संवाद का आयोजन किया गया. संवाद की अध्यक्षता एवं संचालन इप्टा के अध्यक्ष सुरेश सिंह ने की. संवाद के क्रम में फिजियोथैरेपिस्ट कुलदीप ने कहा प्रेमचंद अगर आज जिंदा होते तो साहित्य की जो आज दशा और दिशा दोनों ही भिन्न होती. आज भी अपने लेखन धर्म को पूरा करने के लिए प्रेमचंद को अपना नाम बदलना पड़ता. प्रगतिशील लेखक संघ के अध्यक्ष पंकज श्रीवास्तव ने प्रेमचंद जो लिखते थे उसे अपने जीवन में लागू भी करते थे. प्रेमचंद अगर आज होते तो आज की कथा लिखते. ज्ञान विज्ञान समिति के प्रांतीय अध्यक्ष शिव शंकर प्रसाद ने कहा आम आदमी को केंद्र में रखकर अपने साहित्य की रचना करते. प्रेमचंद की धारा को आगे ले जाने के लिए कई चुका रहे हैं. हमें बचाना है तो साहित्य रचना ही होगा.संवाद के दौरान शैलेंद्र कुमार शर्मा, गोविन्द प्रसाद, शशि पांडे,घनश्याम कुमार, प्रेम प्रकाश, अनुभव मिश्रा,अपने विचार प्रस्तुत करते हुए कहा प्रेमचंद अगर आज होते तो किसी जेल की कोठरी में बंद होते हैं या फिर नरेंद्र दाभोलकर, गोविंद पानसरे, गौरी लंकेश, की तरह किसी चौक चौराहे पर उनकी हत्या कर दी जाती. क्योंकि प्रेमचंद अपने विचारों से समझौता नहीं करते. उन्होंने अपने एक आलेख में लिखा है - " साम्यवाद का विरोध तो वहीं करता है जो दूसरों से ज्यादा सुख भोगना चाहता है, जो दूसरों को अपने अधीन रखना चाहता है.कार्यक्रम के अंत में जिला सचिव रविशंकर ने धन्यवाद प्रेषित करते हुए प्रेमचंद जयंती पखवाड़ा के समापन कार्यक्रम 31 जुलाई को आयोजित करने की घोषणा की. समापन कार्यक्रम का प्रस्ताव रखते हुए रवि शंकर ने कहा कि प्रेमचंद के जीवन पर आधारित फिल्म की प्रस्तुति संध्या 5:00 बजे कार्यालय में की जाए. साथ ही उनके व्यक्तित्व और कृतित्व पर चर्चा की जाए. इसके अलावा बाल कहानियों का पाठ भी किया जाए. इस प्रस्ताव का सभी लोगों ने समर्थन किया. इस मौके पर संजीव कुमार संजू भोला कुमार, राकेश कुमार देशदीपक, सौरभ कुमार सहित अन्य लोग उपस्थित थे.


गोष्ठी में अपनी बातों को रखते वक्ता.

**खास बातें**
- प्रेमचंद की धारा को आगे ले जाने के लिए कई लोग सक्रिय हैं
- प्रेमचंद जयंती पखवाड़ा के समापन कार्यक्रम कल

# नुक्कड़ नाटक से योजनाओं की जानकारी दी

**संवाददाता । लातेहार**

जिला सूचना एवम जनसंपर्क कार्यालय के तत्वाधान में लातेहार प्रखंड के बेंदी और लेधपा ग्राम में नुक्कड़ नाटक के माध्यम से लोगों को सरकारी योजनाओं की जानकारी दी गई. कार्यक्रम में स्वर संगम म्यूजिकल ग्रुप, लातेहार के कलाकारों ने नुक्कड़ नाटक एवं गीत संगीत के माध्यम से ग्रामीणों को सामाजिक कुरीतियों एवं अंधविश्वास से दूर रहने का अपील की. संस्था के कलाकार बसंत कुमार ने ग्रामीणों को बताया कि सरकार के द्वारा समाज के तबके के लोगों के लिए कल्याणकारी योजनाएं चलाई जा रही है. उन्होंने बताया कि सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना के तहत छात्रों को छात्रवृत्ति दी जाती है. आगे बताया कि सरकार ने हड़िया एवं दारू बेचने वाले महिलाओं के लिए फूलों झानो आशीर्वाद योजना लाई है. इसके तहत ग्रामीणों को बिना किसी ब्याज के ऋृण दिया जाता है. इसके अलावा उन्होंने मुख्य मंत्री पशुधन योजना, मुख्यमंत्री रोजगार योजना, मुख्यमंत्री हरित योजना आदि की जानकारी. कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने भाग लिया और सरकारी योजनाओं की जानकारी ली. नुक्कड़ नाटक में युगेश्वर राम ने शराबी, बसंती देवी ने पत्नी, काजल ने बेटी और प्रतिमा ने सहेली का अभिनय किया.


बेंदी और लेधपा ग्राम में नुक्कड़ नाटक.

नक्सल मामलों को जल्द निपटाने का दिया निर्देश

# डीआईजी ने किया बड़कागांव एसडीपीओ दफ्तर का निरीक्षण



बड़कागांव एसडीपीओ कार्यालय में फाइलों की जांच करते डीआईजी.

**संवाददाता। हजारीबाग**

हजारीबाग रेंज के डीआईजी सुनील भास्कर ने सोमवार को बड़कागांव एसडीपीओ ऑफिस का निरीक्षण किया. निरीक्षण के दौरान डीआईजी ने पुलिस विभाग की ओर से किए जा रहे कार्यों की समीक्षा की. डीआईजी ने लंबित नक्सल मामलों की समीक्षा की और शीघ्र निपटारे के लिए महत्वपूर्ण निर्देश दिए. साथ ही डीआईजी ने पीड़ितों को त्वरित न्याय दिलाने, लंबित मामलों का जल्द निष्पादन समय पर करने का निर्देश एसडीपीओ को दिया. समीक्षा के दौरान डीआईजी ने लंबित मामलों के अनुसंधान में तेजी लाने और अपराध नियंत्रण के संबंध में कई दिशा निर्देश दिए.

हर हर महादेव एवं बोल बम के जयकारे व पारंपरिक भक्ति गीतों ने पूरे आसपास के क्षेत्रों के माहौल को भक्तिमय बना दिया

# सावन की दूसरी सोमवारी को निकाली गई भव्य कलश यात्रा

**संवाददाता। कटकमसांडी**

पवित्र श्रावण मास की दूसरी सोमवारी पर प्रखंड स्थित पबरा सिवाने नदी से भव्य जल कलश यात्रा निकाली गई. यात्रा की शुरुआत पबरा सिवाने पुल स्थित नदी से जल लेकर हुई. कलश यात्री श्रद्धा एवं भक्तिभाव व गाजे-बाजे के साथ अपने हाथों में कलश लेकर गांव का भ्रमण किया. इस दौरान श्रद्धालु हर हर महादेव एवं बोल बम के जयकारे कर रहे थे. पारंपरिक भक्ति गीतों ने पूरे आसपास के क्षेत्रों के माहौल को भक्तिमय बना दिया. सिवाने नदी से जल लेकर पबरा शिव मंदिर होते हुए हरिना शिवमंदिर स्थित शिवालय में जलाभिषेक के साथ जल कलश यात्रा का समापन हुआ. इसके उपरांत कलश यात्रियों ने शिवमंदिर में विधिवत पूजा-अर्चना कर शिवालय के समक्ष माथा टेका. इस दौरान जल कलश यात्रा में शामिल श्रद्धालुओं के लिए शरबत की व्यवस्था की गई थी.

कलश यात्रियों ने कहा कि पवित्र श्रावण मास में जल कलश यात्रा अच्छी पहल है. महिलाएं घर के आवश्यक कार्य को लेकर बोल बम नहीं जा पाती है. इसके माध्यम से भ्रमण कर मन में उस दृश्य को स्मरण कर भक्तिभाव से अपने शिवालय में जलाभिषेक कर अपनी मनोकामना पूर्ण करेंगी. कलश यात्रा में शामिल महिलाओं एवं युवतियां ने भाग लिया. मौके पर ईश्वर प्रशाद मेहता, शिवकुमार मेहता, शिवशंकर मेहता, जयप्रकाश राणा, सरयू प्रजापति, सरयू राणा, नंदकिशोर राणा, बीरेंद्र मेहता, रामकुमार मेहता, राजेश कुमार मेहता, पिंटू मेहता, हिरामन मेहता, अजय मेहता, मिथुन रजक, सुरेश मेहता, लखन मेहता, बिना देवी, शांति देवी, आरती देवी, सहित सेकड़ों की संख्या में ग्रामीण मौजूद थे.



कटकमसांडी प्रखंड में निकाली गई जल कलश यात्रा में शामिल श्रद्धालु.

## चितरपुर सहित आसपास के शिवालयों में उमडी श्रद्धालुओं की भीड़

**रामगढ़।** सावन की दूसरी सोमवारी के मौके पर चितरपुर सहित आसपास के विभिन्न शिवालयों में अहले सुबह से ही भगवान भोले शंकर की पूजा अर्चना शुरू हो गई. सोमवार को सैकडों श्रद्धालुओं ने विभिन्न शिवालयों में पहुंचकर जलाभिषेक किया. श्रद्धालुओं का मंदिर में पहुंचने का सिलसिला अहले सुबह से ही शुरू हो गया, जो दोपहर तक जारी रहा. सोमवारी को लेकर फल, फूल एवं प्रसाद की दुकानें भी लगाई गई थीं. श्रद्धालुओं ने प्रसाद लेकर मंदिर में पूजा की. इस दौरान भक्तों की काफी भीड़ देखी गई. चितरपुर सहित बडकीपोना, छोटकीपोना, मायल, मारंगमरचा, सुकरीगढा, बोरोबिंग आदि क्षेत्रों में जलाभिषेक किये जाने की खबर है. इधर रजरप्पा स्थित



छिन्नमस्तिके मंदिर में स्थापित 20 फीट का शिवलिंग भी श्रद्धालुओं के लिए आकर्षण का केंद्र रहा. यहां भी पूजा अर्चना के लिए श्रद्धालुओं की भारी भीड़ देखी गई.

## ब्रीफ खबरें

### मंत्री से सड़क निर्माण में गड़बड़ी की शिकायत

**रामगढ़।** पूर्व विधायक ममता देवी ने सोमवार को ग्रामीण विकास मंत्री इरफान अंसारी से मुलाकात कर ग्रामीण कार्य विभाग प्रमंडल रामगढ़ के अंतर्गत कूष्तेगढ़ा से गंधौनीया तक बन रही सड़क में व्यापक रूप से अनियमितता बरते जाने की शिकायत करते हुए जांच की मांग की है. पत्र के माध्यम से उन्होंने कहा है कि उक्त सड़क का निर्माण कार्य क्लासिक इंजीकोम प्राइवेट लिमिटेड द्वारा किया जा रहा है. इस कंपनी को गिरिडीह के सांसद का संरक्षण प्राप्त है.

### प्रबंधन समिति की अध्यक्ष बनी माया देवी

**चरही।** चुरचू प्रखंड के कस्तूरबा विद्यालय चुरचू चरही में सोमवार को विद्यालय प्रबंधन समिति की बैठक हुई. इसमें विद्यालय प्रबंधन समिति का पुर्नगठन प्रखंड प्रमुख निरंजन प्रसाद नायक की अध्यक्षता में किया गया. इसमें सर्व सहमति से कस्तूरबा विद्यालय की अध्यक्ष के रूप में माया देवी और उपाध्यक्ष चोलेश्वर महतो को चुना गया. बैठक में मुख्य रूप से चुरचू जिला परिषद बासुदेव करमाली, बहेरा मुखिया देवकी महतो, वॉर्डन सीमा कुमारी, संतोषी कुमारी, सुमन कुमारी, सरिता टुडू आदि मौजूद थे.

### गैर आवासीय प्रशिक्षण का किया गया शुभारंभ

**कटकमसाडी।** प्रखंड मुख्यालय के बीआरसी भवन में एफएलएन के प्रथम बैच के प्रशिक्षण का शुभारंभ प्रखंड प्रसार पदाधिकारी डोमेन मोची एवं प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी गजाला परवीन ने किया. प्रखंड स्तरीय बुनियादी साक्षरता सुदृढ़ीकरण कार्यक्रम के तहत प्रखंड के सभी विद्यालयों के शिक्षकों को तीन बैच में दो दिनों का गैर आवासीय प्रशिक्षण दिया जाएगा. प्रशिक्षण में मास्टर प्रशिक्षक की भूमिका में शिक्षक प्रकाश कुमार अग्रवाल, राजीव रंजन, मोहम्मद आरिफ खान, पूनम कुमारी हैं.

### ट्रस्ट ने किया पूजन सामग्री का वितरण

**हजारीबाग।** एसएल गुप्ता मेमोरियल चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा पवित्र श्रावण मास की दूसरी सोमवारी को शहर के प्राचीन बुढ़वा महादेव स्थित मां वैष्णव मंदिर में पूजन सामग्री का वितरण किया गया. इसकी शुरुआत ट्रस्ट की अध्यक्ष उर्मिला देवी ने की. ट्रस्ट के संस्थापक राकेश गुप्ता, भाजपा नेता बटेश्वर मेहता, सुदेश चंद्रवंशी, झील सफाई समिति के सदस्य अरुण कुमार वर्मा, पंचरतन लाल गुप्ता एवं भैया असीम कुमार को अंगवस्त्र देकर संस्थान द्वारा सम्मानित किया गया.

टाटीझरिया थाना क्षेत्र की खैरा पंचायत के नारायणपुर की घटना

# पुलिस को देख दौड़े दो युवक कुएं में गिरे, एक की हुई मौत

**संवाददाता। हजारीबाग**

जिले के टाटीझरिया थाना क्षेत्र की खैरा पंचायत के नारायणपुर में रविवार रात पुलिस के भय से दौड़ने के दौरान दो युवकों में से एक की कुएं में डूबने से मौत हो गई. मृतक की पहचान नारायणपुर निवासी मुकेश कुमार यादव (26), पिता रामचंद्र यादव के रूप में हुई है. इस हादसे के लिए ग्रामीण पुलिस को जिम्मेदार ठहरा रहे हैं. मृतक के भाई मनोज यादव व ग्रामीणों ने बताया कि रविवार की रात को गश्ती के दौरान नारायणपुर निवासी नारायण महतो की दुकान पर टाटीझरिया थाना पुलिस पहुंची.

पुलिस दल के पहुंचने पर पर दो लोग बेडमक्का निवासी छोटीलाल प्रसाद (33), पिता कैला महतो और नारायणपुर निवासी मुकेश कुमार यादव को पुलिस दौड़ाने लगी. दोनों अपने बचाव के लिए भागे, भागने के क्रम में उस दुकान से पांच सौ फीट की दूरी पर दोनों अंधेरे में अलग-अलग कुएं में गिर गए. बाद में इनमें से एक छोटीलाल प्रसाद को ग्रामीणों व पुलिस प्रशासन ने बाहर निकाला. वहीं मुकेश कुमार यादव के बारे में पता नहीं चल पाया. पुलिस दल के घटना स्थल से जाने के आधे घंटे के बाद लोग मुकेश के ढूंढ़ने लगे तो दूसरे कुएं से उसे निकाला, लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी. मुकेश के लगभग दो वर्ष का एक बेटा और दस माह की एक बेटी है. घटना से ग्रामीणों में पुलिस के प्रति आक्रोश व्याप्त है. इसको लेकर ग्रामीण व परिजन पुलिस को दोषी ठहरा रहे हैं.

मृतक के साथ दूसरे कुएं में डूबे बेडमक्का निवासी छोटीलाल प्रसाद ने बताया कि हम और मुकेश कुमार यादव दोनों नारायण महतो की चॉमिन दुकान में थे. उसी वक्त वहां पुलिस पहुंच गई. पुलिस को देख दुकानदार पीछे के रास्ते से भाग गया. हमलोग भी दुकान के पीछे के रास्ते से दौड़ने लगे. इस दौरान जब पुलिस द्वारा टार्च जलाया गया तो हम कुएं में गिर गए. वहीं टाटीझरिया थाना प्रभारी सुजीत कुमार का कहना है कि पुलिस की गश्ती दल को देखकर युवक भागने लगे, जिससे वे दोनों कुएं में गिरे. जानकारी मिली तो एक युवक को कुएं से निकाला गया.



घटना से आक्रोशित ग्रामीणों को समझाते पुलिस अधिकारी.

### केंद्रीय मंत्री और विधायक ने लिया संज्ञान

इधर, कोडरमा की सांसद सह केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी, बरकट्ठा विधायक अमित कुमार यादव ने दूरभाष से इस घटना को संज्ञान में लिया. वहीं पूर्व विधायक जानकी प्रसाद यादव, प्रमुख संतोष मंडल, मुखिया कुमारी माधुरी, उपप्रमुख रवि वर्णवाल बीस सूत्री अध्यक्ष शिबू प्रसाद सोनी, रवि सिंह, विधायक प्रतिनिधि उपेंद्र पांडेय, महेश अग्रवाल, डीएन सिंह, ज्योतिष पंडा, मुखिया संघ अध्यक्ष सुरेश यादव, मिथिलेश वर्मा, पंचायत समिति सदस्य विनय कुमार दास, प्रबील प्रसाद, सोबरन महतो, सुरेश प्रसाद, प्रभु कुमार, अजय कुमार, महेंद्र प्रसाद, भोला प्रसाद, विष्णुगढ़ एसडीपीओ बीएन प्रसाद, सीसीआर डीएसपी मनोज कुमार सिंह, विष्णुगढ़ थाना प्रभारी राम नारायण सिंह, इचाक थाना प्रभारी संतोष कुमार, दारू थाना प्रभारी मोहम्मद सफीक, टाटीझरिया बीडीओ रश्मि खुशबू मिंज, सीओ नीलू टुडू आदि मौके पर मौजूद रहे.

### पत्नी को नौकरी और मुआवजा मिलेगा

इस संबंध में नारायणपुर में जनप्रतिनिधि प्रखंड, अंचल पदाधिकारी एवं प्रशासनिक वरीय पदाधिकारी की मौजूदगी में बैठक की गई, जिसमें सर्वसम्मति से मुकेश कुमार यादव की पत्नी खुशबु कुमारी को सरकारी प्रावधान के अनुसार विभिन्न सुविधाएं देने पर सहमति बनी. मृतक की पत्नी को झरपो स्वास्थ्य केंद्र में सफाई कर्मी के पद पर नियुक्ति, आपदा कोष से चार लाख रुपये की सरकारी मदद, टाटीझरिया थाने में चौकीदार की नियुक्ति में प्राथमिकता देने के लिए वरीय पदाधिकारी द्वारा अनुशंसा और अंबेडकर आवास देने का आश्वासन दिया गया. इस सहमति के बाद पुलिस शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया गया.

# रजरप्पा पुलिस का छापा, बेलाल नगर से 20 टन अवैध कोयला जब्त

**संवाददाता। रामगढ़**

रजरप्पा पुलिस ने सोमवार को छापेमारी अभियान चलाकर चितरपुर के बानापीरी लटीया बेलाल नगर से लगभग 20 टन अवैध कोयला जब्त किया है. बरामद कोयला सीसीएल रजरप्पा की खुली खदान से चोरी कर रखा गया था ताकि ट्रक पर लादकर ऊंचे दामों में तस्करी कर सके. छापामारी का नेतृत्व रजरप्पा थाना के अवर निरीक्षक मो नौशाद ने किया.

रजरप्पा थाना प्रभारी नवीन प्रकाश पांडेय को मिली गुप्त सूचना के आधार पर सशस्त्र बल के साथ बेलाल नगर चितरपुर में छापामारी अभियान चलाकर 20 टन अवैध कोयला जब्त किया. यहां बेलाल नगर निवासी जफर इकबाल उर्फ चरकु द्वारा अवैध रूप से चोरी छिपे उक्त कोयले का भंडारण किया जा रहा था. हालांकि कार्रवाई में किसी की गिरफ्तारी नहीं की गई है. पुलिस ने जेसीबी से कोयले को ट्रैक्टरों में लाद कर थाना लाया. थाना प्रभारी नने बताया कि पुलिस टीम के पहुंचने की भनक कोयला तस्कर को पहले ही लग गई, जिस कारण वह फरार हो गया. हालांकि कोयला कारोबारी बेलाल नगर निवासी जफर इकबाल उर्फ चरकू एवं उक्त जमीन मालिक के विरुद्ध अवैध रूप से चोरी के कोयले का भंडारण करने के आरोप में बीएनएस एवं कोल माइंस एक्ट की धाराओं में मामला दर्ज किया गया है. उनकी गिरफ्तारी को लेकर छापामारी अभियान भी चलाया जा रहा है.



छापा मारकर पुलिस टीम द्वारा जब्त किए गए कोयले को थाने में रखा गया.

### गोल्ड मेडल जीतने वाली छात्रा को उपायुक्त ने किया सम्मानित



आराध्या को सम्मानित करतीं उपायुक्त नैंसी.

हजारीबाग। अंतरराष्ट्रीय कराटे चैंपियनशिप में कार्मेल स्कूल हजारीबाग की कक्षा 2 की छात्रा कोलघट्टी निवासी आराध्या राय के उत्कृष्ट प्रदर्शन पर उपायुक्त नैंसी सहाय ने उसे प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया. आराध्या राय ने कोलकाता इंडोर स्टेडियम में संपन्न हुई 8वीं कराटे चैंपियनशिप में गोल्ड मेडल प्राप्त किया. इसके पूर्व भी आराध्या ने रांची में झारखंड सब जूनियर कैडेट कराटे प्रतियोगिता में गोल्ड मेडल प्राप्त किया है. उपायुक्त ने आराध्या को प्रशस्ति पत्र देकर शुभकामनाएं दी तथा उज्जवल भविष्य की कामना की.

### हजारीबाग जिले में हैं पर्यटन के क्षेत्र में अपार संभावनाएं : उपायुक्त

**हजारीबाग।** जिले में पर्यटन को बढ़ावा देने हेतु आज उपायुक्त नैंसी सहाय की अध्यक्षता में पर्यटन संवर्धन समिति के शासी निकाय की बैठक सोमवार को समाहरणालय सभाकक्ष में की गई. इसमें उपायुक्त ने कहा कि हजारीबाग जिला पर्यटन की दृष्टि से काफी महत्वपूर्ण है और यहां पर्यटन के क्षेत्र में अपार संभावनाएं हैं. जिले में प्राकृतिक, ऐतिहासिक एवं आध्यात्मिक विषयों से जुड़े कई पर्यटक स्थल हैं. इन्हें विकसित कर सैलानियों को सुविधाएं मुहैया करा कर इसे पर्यटन के मानचित्र पर लाया जा सकता है, जिससे अधिक से अधिक पर्यटकों को इन क्षेत्रों में आने के लिए आकर्षित किया जा सकेगा तथा स्थानीय स्तर लोगों को रोजगार के अवसर बढ़ेंगे. बैठक में जिले के कुल 37 दर्शनीय स्थलों को पर्यटन स्थल अधिसूचित करने हेतु विचार विमर्श के उपरांत पर्यटन विभाग को प्रस्ताव भेजा गया. साथ ही पूर्व में अधिसूचित बड़कागांव के मेगालिथ स्थल को बी से ए कैटेगरी और इस्को गुफा को सी कैटेगरी से ए कैटेगरी में अधिसूचित करने हेतु प्रस्ताव पारित किया गया. बैठक में जिला परिषद अध्यक्ष उमेश प्रसाद मेहता, जिला योजना पदाधिकारी पंकज कुमार तिवारी, कोडरमा सांसद प्रतिनिधि, बगोदर विधायक प्रतिनिधि, बरही विधायक प्रतिनिधि व अन्य उपस्थित रहे.

ट्रक ने खड़े हाईवा को मारी टक्कर, चालक गंभीर

# ट्रक में शॉट सर्किट से लगी आग, खलासी जिंदा जला

**संवाददाता। चौपारण**

प्रखंड के जीटी रोड डाक बाबा लोहाबार स्थान के पास रविवार देर रात ट्रक ने खड़े हाईवा को पीछे से जोरदार टक्कर मार दी, जिससे ट्रक में शॉट सर्किट होकर आग लग गई. आग इतनी तेजी से फैली कि केबिन में फंसे चालक एवं खलासी जलने लगे. आग की लपटों को चीरता हुआ 38 वर्षीय चालक नागेंद्र यादव तो बाहर निकल गया, लेकिन खलासी पिंटू यादव (22), पिता सुदामा गोप, ग्राम पंचायत नवाडीह, पोस्ट सबलपुर, थाना सरिया, जिला गिरिडीह केबिन में जलता रहा. वह जान बचाने के लिए चिल्लाता रहा और ट्रक का हॉर्न काफी देर तक बजाता हुआ ही जल कर राख हो गया. आग के भयावह रूप को देखकर किसी की हिम्मत नहीं हुई कि खलासी को बचाने की तनिक भी कोशिश कर सके. घायल चालक को आपदा एम्बुलेंस चालक शक्ति सिंह ने सामुदायिक अस्पताल में भर्ती कराया, जहां डॉ दिनेश एकलव्य और अन्य ने प्राथमिक इलाज कर उसे बेहतर इलाज के लिए रेफर कर दिया.



जला हुआ ट्रक.

संस्कृति म्यूजियम एंड आर्ट गैलरी में हेरिटेज वॉक का आयोजन

# देश की विरासत और धरोहर को संरक्षित करने पर की गई चर्चा

**संवाददाता। हजारीबाग**

46वीं विश्व धरोहर समिति की बैठक में भारत की विविध और अनूठी सांस्कृतिक और प्राकृतिक विरासत को दुनिया के सामने पेश किया जा रहा है. 21 से 31 जुलाई तक नई दिल्ली के भारत मंडपम में विश्व विरासत समिति के 46 वें सत्र का आयोजन जारी है. इसकी मेजबानी भारत पहली बार कर रहा है.

इसी श्रृंखला में समूचे देश में पर्यटन मंत्रालय भारत सरकार द्वारा भारत की प्रमुख धरोहर एवं ऐतिहासिक पर्यटन स्थलों पर हेरिटेज वॉक का आयोजन किया जा रहा है. इसी कार्यक्रम के तहत भारत पर्यटन, कोलकाता के मार्गदर्शन में फील्ड ऑफिस झारखंड, पर्यटन मंत्रालय, भारत सरकार की ओर से सोमवार को संस्कृति म्यूजियम एंड आर्ट गैलरी, हजारीबाग, झारखंड में हेरिटेज वॉक एवं सोहराई एवं कोहबर चित्रकला की कार्यशाला का आयोजन किया गया. कार्यशाला में जवाहर नवोदय विद्यालय बोंगा, हजारीबाग के युवा पर्यटन क्लब के छात्र सदस्यों एवं शिक्षक समन्वयक ने भाग लिया. छात्र-छात्राओं के साथ देश की विरासत और धरोहर को संरक्षित करने पर चर्चा हुई. साथ ही छात्र-छात्राओं को देश के विरासत और उससे जुड़े इतिहास पर भी जानकारी दी गई. कार्यशाला में झारखंड की विरासत और संस्कृति की जानकारी छात्रों को दी गई.



# रजरप्पा स्पोर्ट्स एकेडमी के हर्ष को मिला कारगिल चैलेंज मेडल

**संवाददाता। रामगढ़**

कारगिल विजय दिवस पर एसबीआई कारगिल टाइगर हिल चैलेंज में रजरप्पा स्पोर्ट्स एकेडमी के 9 वर्षीय जूनियर खिलाड़ी हर्ष कुमार ने 84 दिनों में 787885 स्टेप्स चलकर अपनी टीम को विजय बनाने में योगदान दिया. इस उपलब्धि पर एसबीआई की ओर से हर्ष कुमार को कारगिल चैलेंज मेडल से सम्मानित किया गया. उसे झारखंड एथलेटिक्स एसोसिएशन के सचिव सीडी सिंह द्वारा डीएवी मैदान में सम्मानित किया गया. हर्ष कुमार की इस सफलता पर रजरप्पा स्पोर्ट्स एकेडमी के सभी खिलाड़ियों एवं खेल प्रेमियों ने उसे बधाई देते हुए उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है. बधाई देने वालों में गिरिडीह सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी, रामगढ़ विधायक सुनीता चौधरी, जिला परिषद अध्यक्ष सुधा देवी, रजरप्पा स्पोर्ट्स एकेडमी के प्रशिक्षक सीडी सिंह, सीसीएल रजरप्पा के सीएसआर के नोडल पदाधिकारी आशीष झा, राजीव कुमार, सहदेव मांझी, पीसी राम, धर्मनाथ महतो, चंद्रशेखर राम करमाली, तुलेश्वर चौधरी, शैलेश शर्मा, गोपाल राम, गौतम सिंह बम आदि शामिल रहे.



हर्ष को मेडल पहनाते सीडी सिंह.

**आयोजन** पगमिल स्थित फाहिमा अकादमी का 31वां स्थापना दिवस मनाया गया

# फाहिमा अकादमी शिक्षा क्षेत्र में अलख जगा रही : डीआईजी

**संवाददाता। हजारीबाग**

पगमिल स्थित फाहिमा अकादमी का 31वां स्थापना दिवस पैराडाइस रिसोर्ट में मनाया गया. इसमें बतौर मुख्य अतिथि डीआईजी सुनील भास्कर, समाजसेवी प्रदीप प्रसाद और पासवा के राष्ट्रीय अध्यक्ष सय्यद शमायल अहमद मौजूद थे. कार्यक्रम की शुरुआत स्कूल प्राचार्या फरहा फातमी ने स्कूल के संस्थापक स्व. रफ़ीक़ अंसारी को श्रद्धांजलि देकर किया. वहीं स्कूल के बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश किए. स्कूल प्रबंधन और प्राचार्य ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले चार बच्चों कक्षा बारहवी से पायल कुमारी, कक्षा नौवीं से हिमांशु कुमार, कक्षा छठवीं से समरीन शाह, कक्षा पांचवीं से मो. मुद्देसीर को साइकिल देकर प्रोत्साहित किया. हज़ारों अभिभावकों की मौजूदगी में चतरा और हजारीबाग के तीस से ज्यादा स्कूल के डायरेक्टरों और प्रिंसिपलों को सम्मानित किया गया. वहीं विभिन्न स्कूलों के दो सौ से अधिक बच्चों को व मेडल और प्रमाणपत्र देकर प्रोत्साहित किया गया.

इस मौके पर डीआईजी ने कहा कि फाहिमा अकादमी शिक्षा के क्षेत्र में लगातार अलख जगा रही है. समाजसेवी प्रदीप प्रसाद और राष्ट्रीय अध्यक्ष शमायल अहमद ने भी स्कूल प्रबंधन और छात्रों को स्थापना दिवस की बधाई दी. पासवा के प्रदेश सचिव तौफ़ीक़ हुसैन, प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष मो उस्मान, मसूद कच्छी, मुमताज़ आलम, कोडरमा जिलाध्यक्ष बीएन पी बरनवाल, जिलाध्यक्ष प्रदीप कुमार, अलताफ हुसैन, मो रहमतुल्लाह, शाहनवाज़ खान अरविंद कुमार, आलोक, बिपिन टोप्पो इत्यादि मौजूद थे. आयोजन को सफल बनाने में स्कूल शिक्षक हसरत अली, बेलाल अहमद, रोहित सिंह, प्रिंस वर्मा, राहुल, कुणाल सिंह, सोमनाथ, मो शफीक, गौतम, बीरेंद्र प्रसाद, विद्या कुमार, मनोज कुमार, श्रवण कुमार, ऋतिक कुमार, माज़दा खातून, नाजिया सुम्बुल, पल्लवी राणा आदि की महत्वपूर्ण भूमिका रही.



फाहिमा अकादमी का 31वें स्थापना दिवस समारोह में उपस्थित गणमान्य लोग.

### पुलिस ने दो अपराधियों को किया गिरफ्तार

**केरेडारी।** बीते दिनों केरेडारी थाना क्षेत्र के अंतर्गत चट्टी बरियातू कोल माइंस में आगजनी और फायरिंग की घटना में शामिल बीकेएस तिवारी ग्रुप के दो अपराधियों को गिरफ्तार करने में केरेडारी पुलिस सफल रही है. इस बाबत थाना प्रभारी अजीत कुमार ने बताया कि दो अप्राथामिक अभियुक्त तौकीर अंसारी व तौहीद अंसारी को न्यायिक हिरासत में भेजा गया है. दोनों ने अपने बयान में कहा है कि हमारी परवरिश एक गरीब परिवार में हुई. आर्थिक तंगी के कारण और अपने चाचा अनीश अंसारी, जो टीएसपीसी संगठन का एरिया कमांडर रहा है, के कहने पर टीएसपीसी संगठन में काम किया. इस दौरान केरेडारी, टंडवा, खलारी, उरीमारी, पतरातु, बचरा में लेवी वसूली का काम किया. फिर कुछ दिनों बाद बीकेएस तिवारी ग्रुप खड़ा कर काम करना शुरू किया.

# प्रेस क्लब रामगढ़ के अध्यक्ष बने वीरेंद्र और धनेश्वर सचिव



**संवाददाता। रामगढ़**

प्रेस क्लब रामगढ़ के सभागार में रविवार सुबह 9:30 बजे से सत्र 2024-26 के चुनाव की प्रक्रिया प्रारंभ हुई. इसमें कुल 201 मत डाले गए. मतगणना प्रेस परिसर में की गई एवं देर रात सभी पदों के लिए प्रत्याशियों की घोषणा मुख्य चुनाव पदाधिकारी आनंद अग्रवाल एवं उनकी टीम द्वारा की गई. अध्यक्ष पद के लिए वीरेंद्र कुमार वीरू, उपाध्यक्ष पद के लिए प्रदीप कुमार बबलू, सचिव पद के लिए धनेश्वर प्रसाद, सह सचिव पद के लिए नारायण दत्त व्यास, कोषाध्यक्ष के लिए दुर्वेज आलम, कार्यकारिणी सदस्य के रूप में दिलीप कुमार सिंह दीपक कुमार, सौरभ नारायण सिंह, सुरेंद्र कुमार पासवान, सुरेंद्र सिंह, नीरज कुमार, रितेश कुमार, राजकुमार रविदास, शंकर कुमार देवरिया एवं मनोरंजन लहरी विजय घोषित किए गए. चुनाव जिला अधिवक्ता संघ के उपाध्यक्ष ऋषि कुमार महतो, महासचिव सीताराम आदि द्वारा कराया गया.

### ब्रीफ खबरें

### ज्ञान निकेतन इंटरनेशनल स्कूल में हुआ पौधरोपण

**गढ़वा।** जायंट्स ग्रुप ऑफ गढ़वा के तत्वावधान में फेडरेशन के पूर्व अध्यक्ष मदन प्रसाद केशरी की अध्यक्षता में शहर के चिनिया रोड स्थित नहर चौक के समीप ज्ञान निकेतन इंटरनेशनल स्कूल के परिसर में फलदार पौधे लगाए गए. मौके पर फेडरेशन अध्यक्ष दीपक कुमार ने कहा कि फेडरेशन 8 में गढ़वा ग्रुप के द्वारा बेहतर कार्यक्रम किया जा रहा है. मौके पर फेडरेशन 8 के पूर्व अध्यक्ष विनोद कमलापुरी, फेडरेशन 8 के पदाधिकारी नंद कुमार गुप्ता, ग्रुप के प्रशासनिक निदेशक मोजीबुद्दीन खान, वित्त निदेशक अशोक केशरी, जायन्ट्स गढ़वा के पूर्व अध्यक्ष ध्रुव केशरी, मनोज केशरी, विनोद कुमार, अवधेश कुशवाहा, चंद्रप्रकाश अग्रवाल आदि शामिल थे.

### आनंद मार्ग प्रचारक संघ ने किया पौधरोपण

**मेराल।** आध्यात्मिक संस्था आनंद मार्ग प्रचारक संघ शाखा मेराल के सदस्यों ने सोमवार को मेराल में कई सार्वजनिक स्थलों पर पर्यावरण संरक्षण के लिए 50 पौधे लगाए गए. इसकी जानकारी देते हुए डॉ लालमोहन ने बताया कि पौधारोपण कार्यक्रम आनंद मार्ग आश्रम परिसर मेराल, एसबी एकेडमी इंग्लिश मीडियम पब्लिक स्कूल परिसर के अलावे डॉ लालमोहन के फार्म हाउस, रंजीत कुमार के आवास परिसर, इंजीनियर रोहित कुमार के आवास परिसर, प्रो. राजमोहन के आवास परिसर में सामूहिक रूप से पर्यावरण बचाने को लेकर किया गया.

### पुलिस ने चार आरोपियों को दबोचा, भेजा जेल

**धुरकी।** पुलिस ने अलग-अलग मामले में चार अभियुक्तों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है. वहीं नामजद अभियुक्त शशिकांत पांडेय पिता सत्येंद्र देव पांडेय ग्राम शारदा, कुंज बिहारी गुप्ता पिता विश्वनाथ साव ग्राम मिरचैया, प्रभु कोरवा पिता रामकेश कोरवा ग्राम फटपानी तेनुआही टोला तथा इसहाक अंसारी पिता स्व. सादिक मियां ग्राम करवापहाड को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है. थाना प्रभारी उपेन्द्र कुमार ने बताया कि पुलिस अधीक्षक के निर्देशानुसार वारंटियों के विरुद्ध अभियान चलाकर छापामारी किया जा रहा है.

### तीन कमरों में होती 8वीं तक की कक्षाएं संचालित

**भरनो (गुमला)।** प्रखंड मुख्यालय से 8 किमी दूरी पर स्थित राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय अमलीया कई बुनियादी सुविधाओं का दंश झेल रहा हैं. विद्यालय में पहली से 8वीं कक्षा तक संचालित है. इस विद्यालय में 250 विद्यार्थी अध्ययनरत है,परन्तु उक्त स्कूल के नन्हे मुन्ने बच्चों को स्कूल में पर्याप्त भवन नही होने के कारण स्कूल के बरामदे में बैठ कर शिक्षा ग्रहण करना पड़ता है. इस बाबत स्कूल के प्रधानाचार्य नकुल सरकार ने बताया कि पहली से 8वीं तक के बच्चों के लिये स्कूल में मात्र तीन क्लास रूम इसी में बच्चों को एडजस्ट कर क्लास लेना पड़ता है.

### झारखंड मुख्यमंत्री मईयां सम्मान योजना को लेकर बैठक आज

**मझिआंव।** राज्य सरकार की नई महत्वपूर्ण योजना झारखंड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना से संबंधित बीडीओ सह बाल विकास परियोजना पदाधिकारी सतीश भगत ने पत्र जारी करते हुए जनप्रतिनिधियों एवं अन्य कई विभाग के कर्मियों को 30 जुलाई मंगलवार को 11:30 बजे आयोजित प्रशिक्षण को लेकर बैठक बुलाई गई है. पत्रांक 138 के तहत बीडीओ सह सीडीपीओ के द्वारा राजस्व उपनिरीक्षक अंचल मझिआंव, सभी पंचायत सचिव मझिआंव एवं बरडीहा, महिला पर्यवेक्षाका बाल विकास परियोजना मझिआंव, नगर पंचायत कर्मी मझिआंव आदि शामिल होंगे.

### झारखंड अल्पसंख्यक आयोग के सदस्य ने डीएसई से 107 उर्दू पद को लेकर जवाब तलब, कहा

# 105 उर्दू शिक्षकों के पद को सरेंडर करना दुर्भाग्यपूर्ण

**लोहरदगा शिक्षा विभाग**

संवाददाता । लोहरदगा

अल्पसंख्यक आयोग झारखंड सरकार के सदस्य वारिस कुरैशी को लोहरदगा के कई अल्पसंख्यक संगठनों ने शिकायत किया था कि लोहरदगा जिला के उर्दू स्कूलों में उर्दू शिक्षकों की भारी कमी है. साथ ही अभी प्रमोशन हुआ है, इस क्रम में भी स्कूलों से शिक्षकों का पदस्थापन दूसरे स्कूलों में कर दिया गया है. जिससे उर्दू की पढ़ाई बाधित हो रही है. इन्हीं शिकायतों को लेकर अल्पसंख्यक आयोग के सदस्य श्री कुरैशी ने लोहरदगा जिला शिक्षा अधीक्षक से मुलाकात कर वस्तु स्थिति की जानकारी लीं. जिला शिक्षा अधीक्षक ने उन्हें बताया कि जिन शिक्षकों का प्रमोशन हुआ है, उनको दूसरे स्कूल में पदस्थापन किया गया है, ये रुटीन ट्रांसफर नहीं है. उन्होंने आश्वस्त किया कि उर्दू शिक्षक, उर्दू जानकार टीचरों को उर्दू स्कूलों में भेजेंगे ताकि उर्दू की पढ़ाई बाधित न हो. श्री कुरैशी ने कहा कि मैने जब जानना चाहा कि 107 उर्दू पद जो लोहरदगा को मिला था, उसका क्या हुआ, तो जिला शिक्षा अधीक्षक ने बताया कि 107 में से सिर्फ 2 शिक्षकों की बहाली हमारे यहां, और 105 उर्दू पद को 2022 में जिला शिक्षा विभाग द्वारा झारखंड राज्य शिक्षा विभाग को सरेंडर कर दिया गया था. जिला शिक्षा विभाग द्वारा 105 उर्दू पद को सरेंडर करना बहुत ही दुर्भाग्यपूर्ण कार्य है. जबकि लोहरदगा जिला में 22% मुस्लिम अल्पसंख्यक आबादी है और इस 22% आबादी में 95% जनसंख्या किो मातृभाषा उर्दू है. फिर भी 105 उर्दू पद शिक्षा पदाधिकारी के द्वारा सरेंडर करना भेदभावपूर्ण रवैया है. जो शिक्षा पदाधिकारी 2022 में 105 उर्दू पद लोहरदगा से राज्य शिक्षा विभाग को सरेंडर कर उर्दू पढ़ने वालों के साथ नाइंसाफी किया है, उस पर राज्य अल्पसंख्यक आयोग द्वारा कार्रवाई कि मांग करेगी. साथ ही 105 उर्दू पद को इस जिला में पुनः लाने का भरसक प्रयास करेगी.



लोहरदगा डीएसई नीलम आईलीन टोप्पो से बातचीत करते आयोग के सदस्य.

# डीसी की अध्यक्षता में जिलास्तरीय वनाधिकार समिति की बैठक संपन्न



अधिनियम संबंधित मामले को लेकर बैठक करते डीसी.

**लोहरदगा।** उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण की अध्यक्षता में वनाधिकार अधिनियम से संबंधित बैठक समाहरणालय सभागार में आयोजित हुई. बैठक में अनुमंडल स्तरीय समिति से अग्रसारित कुल 31 सामुदायिक वनाधिकार पट्टा एवं शेष व्यक्तिगत वनाधिकार पट्टा के मामलों पर चर्चा की गई और जिला स्तरीय समिति की बैठक में सर्वसम्मति से मामलों को पारित किया गया. बैठक में वन प्रमंडल पदाधिकारी अभिषेक कुमार, आईटीडीए परियोजना निदेशक सुषमा नीलम सोरेंग, अनुमंडल पदाधिकारी अमित कुमार, जिला परिषद सदस्य सेन्हा राधा तिर्की, जिला परिषद सदस्य कैरो सुखदेव भगत व समिति के अन्य सदस्यगण उपस्थित थे.

### सेन्हा के चंदवा गढ़गांव में 12 सौ फीट ऊंचाई पर विराजते हैं भगवान भोलेनाथ

# दूर-दूराज से पूजा-अर्चना करने पहुंचे श्रद्धालु

संवाददाता । सेन्हा/लोहरदगा

जिले के सेन्हा प्रखंड क्षेत्र के चंदवा गढ़गांव में पहाड़ के ऊपर गुफा में अवस्थित शिवलिंग पर सावन के दूसरी सोमवारी पर जलाभिषेक करने सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालु पहुंचे है. बेलपत्र व जल अर्पण कर आराधना करने पहुंचे महिला और पुरुष शिवभक्तों की टोली के द्वारा विधिवत रूप से पूजन कर क्षेत्र की सुख समृद्धि हेतु कामना किया गया. बता दें कि लोहरदगा जिला अंतर्गत सेन्हा प्रखंड क्षेत्र के अलौदी पंचायत अंतर्गत सुदूरवर्ती पठारी क्षेत्र में प्राचीन काल से चंदवा गड़गांव के पहाड़ पर गुफा में अवस्थित शिवलिंग पर स्थानीय ग्रामीणों के मुताबिक भक्ति मय देखने को मिलता है. स्थानीय लोगों के अनुसार सावन माह के पावन अवसर पर शिव भक्तों का तांता लगा हुआ रहता है,जो जिले के विभिन्न क्षेत्रों से श्रद्धा भाव से शिव की आराधना करने पहुंचते है. बताता जाता है कि लगभग 12 सौ फीट ऊपर गुफा में शिवलिंग प्राचीन काल से विराजमान हैं, जहां नाग देव का भी दर्शन होता है. यहां पर सच्चे मन तथा श्रद्धाभाव से मांगे गए वरदान भी पूर्ण होता है. स्थानीय ग्रामीणों का ऐसा मानना है कि यह सत्य है कि गुफा में विराजमान शिव की आराधना कर अपने मनोवांक्षित फल प्राप्त हुआ है. जिसके बाद से इसकी मान्यता काफी विकसित हुआ है. देवों का देव महादेव के प्रिय माह सावन की शुरूआत 22 जुलाई 2024 से आरम्भ हो चुकी है और इस माह में शिव भक्तों के लिए बेहद खास होता है. इस दौरान जगह-जगह पर कांवड़ यात्रा भी निकाली जाती है. इस माह के प्रत्येक सोमवार को व्रत रखने का भी विधान है. ये उपवास सुहागिन महिलाओं के लिए बेहद खास होता है. इसे रखने से वैवाहिक जीवन में खुशहाली बनी रहती हैं. पुरोहितों की माने तो ऐसे में सावन का दूसरा सोमवार भी सभी के लिए शुभ होने वाला है. क्योंकि इस दिन कई शुभ योग का निर्माण हो रहा है. कहा जाता है कि इस महीने में शिव भक्तों के साथ मिलकर सावन माह की खुशियां साझा करने से महादेव प्रसन्न होते हैं. उल्लेखनीय है कि सावन के दूसरे सोमवारी पर प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न शिवालय में भी शिव भक्तों की अच्छी खासी भीड़ उमड़ पड़ी. जिसमें ज्यादातर महिलाएं पूजा अर्चना तथा आराधना में लीन नजर आईं.



दूसरी सोमवारी पर गुफा में पूजा अर्चना करते भक्तजन.

### लोहरदगा में सावन के दूसरे सोमवारी पर शिवालयों में उमड़े श्रद्धालु

संवाददाता । लोहरदगा

श्रावण की द्वितीय सोमवारी पर जिले के सभी शिवालयों में श्रद्धालुओं की भीड़ सूर्योदय के पहले से ही लगनी शुरू हो गई थी. शिवालयों में भगवान भोलेनाथ को जलाभिषेक व दुग्धाभिषेक के लिए श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा. शिवभक्तों ने कांवर यात्रा निकालकर शिवलिंग पर जलार्पण व रुद्राभिषेक कर पूजा-अचर्ना की और भंडारे का महाप्रसाद भी ग्रहण किया. इस बीच कांवड़ लेकर शिवालयों में जलाभिषेक करने वाले भक्तों का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा था. शिव मंदिरों में द्वितीय सोमवारी को लेकर धर्मावलंबियों की भीड़ देखी गई. शहर से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों के कई शिवधामों में जलाभिषेक, दुग्धाभिषेक के साथ अन्य धार्मिक अनुष्ठानों का आयोजन हुआ. इसके साथ सदर प्रखंड के खखपरता शिवधाम, शहर के छत्तर बगीचा स्थित स्वयंभू महादेव मंदिर में पूजा अनुष्ठान के साथ-साथ भंडारा का आयोजन हुआ. इसके अतिरिक्त भंडरा प्रखंड के गजनी महादेव मंडा, झिको झखरा महादेव सहित अन्य शिवालयों में भक्तों का तांता देखा गया. सभी शिवधामों में हिंदू धर्मावलंबी आकर भगवान शिव के प्रति श्रद्धा अर्पित कर पूजा-अचर्ना की. इसमें पुरुषों से ज्यादा महिलाओं व युवतियों की तादाद रही.

शिवालयों में कतारबद्ध हो घंटों इंतजार के बाद श्रद्धालुओं ने भगवान भोले शंकर पर जलाभिषेक, दुग्धाभिषेक करते हुए प्रसाद ग्रहण किया. जिले के ऐतिहासिक खखपरता शिवधाम भंडरा के अखिलेश्वर धाम, कुडू के महादेव मंडा, शहरी क्षेत्र के स्वयंभू शिव मंदिर, बुढ़वा महादेव आदि शिवालयों के अलावा विभिन्न गांवों के शिवालयों में भक्तों ने पूरी श्रद्धाभाव के साथ भगवान भोले शंकर को जल अर्पित कर भंडारे का प्रसाद ग्रहण किया.



दूसरी सोमवारी पर खखपरता शिव धाम में पूजा अर्चना करते भक्तजन.

**खास बातें**

- भगवान शिव के प्रति श्रद्धा अर्पित कर की पूजा-अर्चना
- क्षेत्र की सुख समृद्धि के लिए कामना की गई

### दूसरी सोमवारी पर लोहरदगा में निकली कांवड़ यात्रा

**लोहरदगा।** श्रावण मास के दूसरी सोमवारी पर लोहरदगा शंख नदी से शहरी क्षेत्र अंतर्गत बजरंग दल अमला टोली के नेतृत्व में भव्य कांवड़ यात्रा निकाली गई. यहां पर बजरंग दल की अगुवाई में निकाली गई कांवड़ यात्रा में महिला, पुरूष और बच्चों की टोली शंख नदी से जल लेकर शहरी क्षेत्र अंतर्गत विक्टोरिया तालाब पहुंची, जहां पर स्थित शिव मंदिर में जलाभिषेक किया गया. इस बीच कांवड़ियों के सुरक्षा को लेकर पुलिस अधीक्षक हारिस बिन जमां के निर्देशानुसार सदर थाना पुलिस कांवड़ियों के साथ भ्रमणशील रहा. इधर कांवड़ियों द्वारा सावन माह की दूसरी सोमवारी पर निकाली गई कांवड़ यात्रा के दौरान बोल-बम और हर-हर महादेव के नारों से पूरा शहर गुंजायमान रहा. वहीं श्रावण मास की दूसरी सोमवारी पर लोहरदगा शहरी क्षेत्र के विभिन्न शिवालयों में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी.

### श्रावण माह की दूसरी सोमवारी को शिवालयों में उमड़ी भीड़

**लातेहार।** श्रावण माह की दूसरी सोमवारी को शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों के विभिन्न शिवालयों में भक्तों का तांता लगा रहा.अहले सुबह से ही विभिन्न शिव मंदिरों में श्रद्धालुओं ने भगवान शिव का जलाभिषेक किया एवं अपने व परिवार के सुख शांति की कामना की. शहर के बाजारटांड़ स्थित प्राचीन शिव मंदिर में प्रातः से ही श्रद्धालुओं की लंबी कतार लगी थी. यहां प्रातः चार बजे से ही पूजा अर्चना प्रारंभ हो गयी थी. पुजारी मनोज दास शर्मा के सानिध्य में पूजा अर्चना संपन्न करायी गयी. इसके अलावा सोमेश्वर शिव मंदिर लघु सिंचाई विभाग, जुबली चौक, बिजली आफिस व मंडल कारा स्थित शिव मंदिरों मे काफी संख्या में श्रद्धालुओं ने भगवान शिव का जलाभिषेक किया. रेलवे स्टेशन क्षेत्र के बाजारटांड़ स्थित श्री सोमेश्वर शिव मंदिर में भी भक्तों ने भगवान शिव को जल अर्पण किये. बरवाडीह प्रखंड के पैरा गांव से गाजे-बाजे के साथ सैकड़ो की संख्या में महिला पुरुष श्रद्धालु 15 किलोमीटर दूरी तय करके औरंगा -कोयल केचकी संगम स्थल पहुंचे जहां वैदिक मंत्र कर के बीच कलश में जल उठाया और बरवाडीह पहाड़ी शिव मंदिर में जलाभिषेक किया.

### केरसई के दर्जनों लोग कांग्रेस में हुए शामिल

**केरसई।** विधायक भूषण बाड़ा के नेतृत्व में रूसु गांव में मिलन समारोह का आयोजन हुआ. समारोह में प्रखंड के दर्जनों लोगों ने भाजपा और झापा को छोड़कर कांग्रेस पार्टी की सदस्यता ग्रहण की. पार्टी में शामिल होने वाले लोगों को विधायक भूषण बाड़ा सहित कई कांग्रेसियों ने फूल माला पहनाकर स्वागत किया. विधायक ने कहा कि जनता भाजपा और झापा की गंदी राजनीति से ऊब चुकी है. लोगों का भाजपा और झापा से मोह भंग हो चुका है और लोग भाजपा, झापा छोड़कर बड़ी संख्या में कांग्रेस से जुड़ रहेहैं. उन्होंने कहा कि आने वाले दिनों मेंऔर अधिक तेजी से लोग कांग्रेस से जुड़ेंगे. विधायक ने क्षेत्र के विकास के लिए कांग्रेस पार्टी से जुड़ने की अपील की. उन्होंने कहा कि सिर्फ धर्म की राजनीति से क्षेत्र का विकास नहीं हो सकता है. आज की मांग विकास की राजनीति है. सदस्यता ग्रहण करने वालों में नेहाल कुमार, आदित्य कुमार, गोपाल प्रसाद, ललन कुमार, धीरज प्रसाद, सुनील प्रसाद, गंगा प्रसाद, दीपक प्रसाद, सतनारायण प्रसाद केशरी, प्रशांत कुमार, अभिमन्युकुमार, उमेशप्रसाद, विकास कुमार आदि शामिल है. मौके पर 20 सूत्री उपाध्यक्ष मनोज जायसवाल, जेफरेन केरकेट्टा, तिलका रमन आदि उपस्थित थे.

### तीन कमरों में होती 8वीं तक की कक्षाएं संचालित

**भरनो (गुमला)।** प्रखंड मुख्यालय से 8 किमी दूरी पर स्थित राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय अमलीया कई बुनियादी सुविधाओं का दंश झेल रहा हैं. विद्यालय में पहली से 8वीं कक्षा तक संचालित है. इस विद्यालय में 250 विद्यार्थी अध्ययनरत है,परन्तु उक्त स्कूल के नन्हे मुन्ने बच्चों को स्कूल में पर्याप्त भवन नही होने के कारण स्कूल के बरामदे में बैठ कर शिक्षा ग्रहण करना पड़ता है. इस बाबत स्कूल के प्रधानाचार्य नकुल सरकार ने बताया कि पहली से 8वीं तक के बच्चों के लिये स्कूल में मात्र तीन क्लास रूम है. इसी में बच्चों को एडजस्ट कर क्लास लेना पड़ता है,फिर भी जगह कम पड़ जाने की स्थिति में बच्चों को बरामदे में बैठा कर क्लास लेने के लिये हम विवश हैं. उन्होंने बताया कि विद्यालय में पेयजल शौचालय,बिजली सभी दुरुस्त है, लेकिन बाउंड्री की खस्ता हाल होने के कारण जंगली हाथियों का डर हमेशा बना रहता है.कई बार जंगली हाथी स्कूल में अटैक कर बाउंड्री ,भवन और किचन शेड को नुकसान पहुंचा चुके हैं, हेडमास्टर ने यह भी बताया कि क्लास रूम की मांग को लेकर कई बार विभाग के उच्चाधिकारियों को चिट्ठी लिख कर अवगत कराया जा चुका है, फिर भी स्थिति यथावत बनी हुई है.

### चौकीदार नियुक्ति के लिए लिखित परीक्षा 18 को

**सिमडेगा।** चौकीदार नियुक्ति हेतु लिखित परीक्षा 18 अगस्त को जिला मुख्यालय के विभिन्न परीक्षा केन्द्रों में आयोजित की जाएगी. लिखित परीक्षा के उपरान्त एक सप्ताह के अन्तराल में शारीरिक दक्षता संबंधित जाँच की परीक्षा पुलिस लाईन सिमडेगा में होगी. सभीअभ्यार्थियों को समय पर उपस्थित रहने का निर्देश दिया गया है.

### मारपीट के मामले में तीन गिरफ्तार,गये जेल

**लोहरदगा।** मारपीट की घटना में फरार आरोपियों को सेन्हा पुलिस ने अलग-अलग क्षेत्र से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है. बता दें कि सेन्हा में मोहर्रम पर्व पर 18 जुलाई को मेला का आयोजन किया गया था. मेला के दौरान मेला स्थल के समीप हुआ मारपीट में जख्मी दिलकश अंसारी का इलाज के क्रम में मौत हो गया. घायल दिलकश अंसारी के परिजनों द्वारा पूर्व में घटना से अवगत कराते हुए तीन नामजद आरोपी के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कराया गया था. लेकिन घायल दिलकश अंसारी का इलाज के दौरान रांची रिम्स में 27 जुलाई को मौत हो गया जिसकी सूचना पर ग्रामीणों ने आक्रोश व्यक्त करते हुए घंटो एन एच 143 ए पथ को जाम कर दिया था. वही मौत की सूचना पर पुलिस अपने कार्य में जुटे रहे और अपनी खुफिया तंत्र के माध्यम से आरोपी अभियुक्त को अलग अलग क्षेत्र से गिरफ्तार करने में पुलिस को सफलता मिला. बताया जाता है कि आरोपी अभियुक्त मुर्शिद अंसारी के दोनो पुत्र मिस्कत अंसारी तथा अबु दाउद अंसारी को रांची के नया सराय तथा नासिर अंसारी के पुत्र आरिफ अंसारी को लोहरदगा से गिरफ्तार कर नियम संगत कार्रवाई करते न्यायलय के समक्ष प्रस्तुत कर न्यायिक हिरासत लोहरदगा जेल भेजा. थाना प्रभारी अजीत कुमार ने बताया कि प्राथमिकी दर्ज होने उपरांत से पुलिस आरोपी के गिरफ्तारी में जुटी हुई थी. साथ ही उन्होंने कहा मारपीट घटना को अंजाम देने के बाद से तीनों आरोपी फरार हो गया था.

# ऑक्सफोर्ड की सानिया फातिमा ने सीयूईटी 2024 की परीक्षा में कीर्तिमान स्थापित किया

संवाददाता । मेदिनीनगर

कॉमन यूनिवर्सिटी इंट्रेस टेस्ट 2024 में ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल मेदिनीनगर पलामू की छात्रा सानिया फातिमा 2024 सीबीएसई. (बारहवीं) की वार्षिक परीक्षा 95 प्रतिशत अंक लेकर पलामू प्रमंडल में टॉपर रही है. यह विद्यालय के कला संकाय की प्रथम बैच की छात्रा है. सीयूईटी.2024 की परीक्षा में कुल अंक 800 में 724 प्राप्तांक लाकर ऐतिहासिक कीर्तिमान स्थापित की है, वे अंग्रेजी 148/200 राजनीति विज्ञान - 200/200, इतिहास - 194/200, मनोविज्ञान - 182/200 . वहीं विद्यालय के वाणिज्य संकाय की छात्रा आकांक्षा गुप्ता भी सीयूईटी. 2024 में 684/800 लाकर अच्छा प्रदर्शन की है,आकांक्षा गुप्ता ने अंग्रेजी 152/200 एकाउंटेंसी - 182/200, बिज़नेस स्टडीज - 200/200, अर्थशास्त्र - 152/200. इन्होंने भी सीबीएसई. (बारहवीं) की बोर्ड परीक्षा में 95 प्रतिशत अंक लाकर कीर्तिमान स्थापित की है. दोनों बच्चों का दिल्ली विश्वविद्यालय एवं जेएनवी विश्वविद्यालय के प्रतिष्ठित महाविद्यालयों में नामांकन होगा. विद्यालय के चेयरमैन डॉ. एसबीपी मेहता एवं प्राचार्य डॉ. एके सिंह ने विद्यार्थियों की सफलता पर बधाई एवं शुभकामना देकर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की.




सीयूईटी. 2024 की परीक्षा में सफल छात्राएं.

### वन विभाग भरनो व श्रीनगर लगाएगा 30-30 एनाईडर

**गुमला।** जिले में एलिफेंट कॉरिडोर के नाम से प्रचलित भरनो ब्लॉक के अमलिया और जारी के श्रीनगर में वन विभाग द्वारा 30-30 एनाईडर नामक लेजर लाइट स्थापित किया गया है. एनाईडर नामक लेजर लाइट लगने के बाद अब उक्त कॉरिडोर से गुजरने के लिए हाथी जैसे ही पहुंचेगी उसे लेजर लाइट का सामना करना पड़ेगा. जिसका प्रभाव से हाथी आसपास के गांवों की ओर नहीं जाकर बल्कि उल्टे अपने स्थान पर वापस चला जायेगा. इससे ग्रामीणों को जो नुकसान उठानी पड़ती है उसका ग्राफ में कमी आयेगा. ग्रामीण चैन का नींद सो पाएंगे .

# एआईएमआईएम में शामिल हुए दर्जनों युवा

संवाददाता । किस्को/लोहरदगा

जिले के किस्को बाजार टांड़ में ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन की एक आवश्यक बैठक आयोजित की गई. उक्त बैठक की अध्यक्षता युवा जिलाध्यक्ष मोहम्मद दानिश अली ने की.

इस बीच किस्को प्रखंड में आयोजित ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन की ओर से बाजार टांड़ में सदस्यता अभियान चलाया गया. जहां पर दूसरे दलों से सैकड़ों युवाओं ने एआईएमआईएम की सदस्यता ग्रहण किया. जिसमें जेबीकेएसएस और जेएलकेएम के पूरे युवा कमेटी ने एआईएमआईएम का दामन थामा. जिसमें मुख्य रूप से जिला युवा अध्यक्ष गुलशाद अशरफ जिला उपाध्यक्ष अदनान अल्तमस जिला कार्यकारिणी अध्यक्ष नसीम अंसारी जिला प्रभारी आरिफ अंसारी जिला महासचिव अरमान अंसारी प्रखंड अध्यक्ष ओसामा अंसारी प्रखंड सचिव सज्जाद अंसारी प्रखंड सचिव जाहिद अंसारी, महमूद अंसारी, समीर अंसारी, नवीन मुंडा, मुदस्सिर खान, साहिल खलीफा, वीरेंद्र राम, मनदीप मिंज, योगेश महतो, सफीक अंसारी, तौसीफ रजा, अल्तमस खान, योगेंद्र कुमार, सचिन उरांव, फिरोज अंसारी आदि शामिल हैं.

इन सभी को जिला अध्यक्ष युवा मोहम्मद दानिश अली ने ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन पार्टी का पट्टा पहनाकर पार्टी में शामिल किया. मौके पर मोहम्मद दानिश अली ने कहा कि बैरिस्टर असदुद्दीन ओवैसी युवाओं के प्रेरणा स्रोत हैं. उन्होंने कहा कि हम सब मिलकर आने वाला विधानसभा चुनाव में ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन को कामयाबी की ओर ले जाने में पूरी ताकत लगाएंगे. मौके पर बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे.

**कार्रवाई**

### जिला परिषद अध्यक्ष ने टीम के साथ योजना का किया निरीक्षण, कहा

# योजना में लीपापोती बिल्कुल बर्दाश्त नहीं किया जाएगा

संवाददाता । सेन्हा/लोहरदगा

जिला परिषद अध्यक्ष रीना कुमारी सोमवार को जिले के सेन्हा प्रखंड क्षेत्र में संचालित विभिन्न योजनाओं का स्थल निरीक्षण कर बारीकी से मुआयना किया. इस दौरान जिप अध्यक्ष रीना कुमारी के द्वारा उगरा सड़क टोली में मनरेगा योजना से निर्माणधीन कूप निर्माण योजना का लाभुकों के शिकायत पर क्षेत्र भ्रमण कर निरीक्षण किया. मालूम हो कि लोहरदगा जिला अंतर्गत सेन्हा प्रखंड क्षेत्र के उगरा पंचायत में सिंचाई कूप निर्माण कार्य मनरेगा योजना के तहत शुरू किया गया था. जिसका खोदाई कार्य लगभग पूर्ण हो चुका है. लेकिन कुआं पटाई के दौरान भेंडर की लापरवाही तथा घटिया सामग्री लाभुक को मुहैया किया जा रहा था. जिसको लेकर पूर्व में लाभुकों के द्वारा प्रखंड विकास पदाधिकारी संग्राम मुर्मू के नाम आवेदन देकर योजना में हो रही गड़बड़ी से अवगत कराया गया था. जिसके आलोक में सोमवार को जिप अध्यक्ष रीना कुमारी अपने टीम के साथ उगरा सड़क टोली पहुंचकर सिदीक अंसारी तथा मुस्तफा अंसारी के अर्धनिर्मित कूप का निरीक्षण किया गया. बता दें कि लाभुकों द्वारा की गई शिकायत पर जिप अध्यक्ष के द्वारा जांच किया गया. तथा उन लाभुकों की शिकायत को सत्य पाते हुए विभागीय कार्रवाई भेंडर के विरुद्ध करने की बात कही गई. प्राप्त जानकारी के अनुसार कूप निर्माण कार्य में भेंडर के द्वारा उचित सामग्री दिया जाना था. जिप अध्यक्ष रीना कुमारी से किया गया. जिसके बाद टीम के साथ कूप निर्माणाधीन स्थल पहुंच वस्तु स्थिति से अवगत होते हुए लाभुकों का शिकायत सत्य पाकर आगे की कार्रवाई का आश्वसन दिया गया. इधर क्षेत्र भ्रमण के दौरान जिप अध्यक्ष रीना कुमारी ने कहा कि सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाओं में लीपापोती बिल्कुल भी बर्दाश्त नहीं किया जाएगा. मौके पर जिप सदस्य सेन्हा राधा तिर्की के अलावे जिला परिषद के सदस्य एवं लाभुक उपस्थित थे.



मनरेगा योजना का निरीक्षण करते जिप अध्यक्ष .

**खास बातें**

- मनरेगा से निर्माणधीन कूप निर्माण कार्य किया निरीक्षण
- वेंडर घटिया सामग्री लाभुक को मुहैया किया जा रहा था

# युवा कांग्रेस ने हर घर खटाखट व पंचायत चलो वार्ड चलो कार्यक्रम की शुरुआत की

संवाददाता । लोहरदगा

जिले के शहरी क्षेत्र अंतर्गत पुराने नगर भवन में सोमवार को प्रदेश युवा कांग्रेस के निर्देशानुसार हर घर खटाखट एवं पंचायत चलो वार्ड चलो कार्यक्रम की जिला स्तरीय शुरूआत लोहरदगा युवा कांग्रेस जिला अध्यक्ष विशाल डुंगडुंग के नेतृत्व एवं आईवाईसी कॉर्डिनेटर सत्यव्रता दास की उपस्थिति में की गई. यहां पर कार्यक्रम में झारखंड गठबंधन सरकार द्वारा साढ़े चार सालों में किए गए कल्याणकारी कार्यों के संकलन पोस्टर एवं फॉर्म को विमोचित किया गया. इस बीच कार्यक्रम में पार्टी पदाधिकारियों को संबोधित करते हुए कॉर्डिनेटर सत्यव्रता दास ने कहा कि हर घर खटाखट कार्यक्रम के माध्यम से युवा कांग्रेस के साथीगण बीते साढ़े चार सालों में झारखंड सरकार द्वारा जनता के कल्याण के लिए किए गए कार्यों को लेकर वार्ड एवं पंचायतों में ग्रामीणों के द्वार तक पहुंच कर दस्तक देगी और आमजनों तक पहुंचाने का कार्य करेगी. युवा कांग्रेस के लोहरदगा जिलाध्यक्ष विशाल डुंगडुंग ने कहा कि वर्तमान गठबंधन सरकार के द्वारा सभी वर्गों के विकास को लेकर कटिबद्ध है. उन्होंने कहा कि हर घर खटाखट कार्यक्रम के तहत युवा, महिला, बुजुर्ग किसान, मजदूर, पिछड़े सभी के विकास के लिए बेहतर कार्य किया गया है और समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास कार्य पहुंचा कर मुख्य धारा में जोड़ने का कार्य किया है जिसे युवा कांग्रेस हर घर खटाखट कार्यक्रम के तहत युद्ध स्तर पर गांव में पहुंचेगी और नागरिकों को बताने का कार्य करेगी. मौके पर कवीश जयसवाल,दुर्गा उरांव, आफताब आलम,निश्चय वर्मा, फारुख हुसैन, आसिफ कुरैशी, तौसीफ आलम, राजा अंसारी, मखदूम अंसारी, इमरोज अंसारी, अराफात अंसारी, जसीम अंसारी, अरशद अयुब, अनिमा कुजूर, मोहसिन अंसारी, मुशर्रफ रजा, ओम प्रकाश पांडेय, जसीम अंसारी, अनीम अंसारी, सादाब राजा, सहाबुल राय, सृष्टि सौरभ, हसबुल खान, बिहारी उरांव, अमित उरांव, अनुज कुमार, दिनकर भगत, कृष्णा महतो, तनिश यादव, रेहान अंसारी,एजाज अंसारी, प्रवीण उरांव,सैफ अली आदि उपस्थित थे.

